दिनांक 18 मार्च 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आगजनी से पीड़ित परिवारों को मिला मुआवजा राशि, 25 परिवारों को मिली राहत

भिलाई नगर/ हॉस्पिटल सेक्टर में आगजनी की घटना होने के बाद से प्रशासन ने हर संभव मदद प्रभावित परिवारों के लिए किया है। विधायक देवेंद्र यादव , महापौर नीरज पाल , कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास, एमआईसी मेंबर सीजू एंथोनी, स्थानीय पार्षद कोमल टंडन ने प्रभावित परिवारों के मदद लिए स्पॉट पर जाकर निरीक्षण किया था। आगजनी के बाद से ही परिवारों को राहत देने का कार्य किया गया। नजदीकी स्कूलों में परिवारों को ठहराकर उनकी मदद की गई, भोजन व्यवस्था सहित जरूरी सामग्रियों के इंतजाम किए गए। दस्तावेजों को बनाने के लिए शिविर के लगाए गए तथा दस्तावेज तैयार करने की प्रक्रिया की गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास दिलाने के लिए भी कैंप का आयोजन किया गया। पीड़ित परिवार का सर्वे किया गया था, सर्वे उपरांत 25 परिवार निवासरत पाए गए थे। संयुक्त निरीक्षण के दौरान मुआवजा राशि देने के निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत प्रत्येक परिवार को 10500 रुपए की राशि प्रदान की गई है। इसके मुताबिक 25 परिवारों को 262500 की राशि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के तहत दी गई है। मुआवजा राशि देने के दौरान जोन आयुक्त खिरोद्र भोई तथा अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु भी मौजूद थे। मुआवजा राशि प्राप्त कर पीड़ितों ने राहत की सांस ली है और उन्होंने इसके लिए विधायक, महापौर, जनप्रतिनिधि तथा प्रशासन को धन्यवाद भी ज्ञापित किया है